# लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा और कानपुर निवेशकों की पहली पसंद

## निवेश के मामले में 38 फीसदी से ज्यादा करार इन्हीं चार शहरों के लिए

### वाराणसी और गोरखपुर की लंबी छलांग, झांसी व आगरा ने भी चौंकाया

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। निवेश के लिए उद्यमियों की पसंद में गौतमबुद्धनगर (नोएडा) और गाजियाबाद के बाद लखनऊ भी आ गया है। कानपुर अब भी उद्यमियों की पसंद में चौथे स्थान पर है। अप्रत्याशित रूप से वाराणसी और गोरखपुर चौथे व पांचवें स्थान पर हैं। वैश्विक निवेशक सम्मेलन में हुए कुल 25890 निवेश समझौतों में 3600 से ज्यादा अकेले गाजियाबाद के लिए हैं। ये जिला भविष्य का नोएडा व ग्रेटर नोएडा बनने की राह पर है। दिलचस्प तथ्य ये है कि औद्योगीकरण की प्रतिस्पर्धा में वाराणसी और गोरखपुर के बीच कांटे की टक्कर है। वाराणसी के लिए जहां 491 करार हुए हैं, वहीं गोरखपुर के लिए 480।

निवेश करार की संख्या के हिसाब से सबसे आगे गाजियाबाद है जबकि प्रस्तावित निवेश के लिहाज से नोएडा नंबर एक है। करार की संख्या के हिसाब से लखनऊ तीसरे नंबर पर है, लेकिन निवेश राशि के आधार पर दूसरे नंबर पर है। लखनऊ में औद्योगिक विकास की रफ्तार चौंकाने वाली है। पहली बार लखनऊ कानपुर से आगे निकल गया है। निवेश राशि के हिसाब से आगरा तीसरे और झांसी चौथे स्थान पर आ गया है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और इस बेल्ट में उद्योग लगाने पर मिलने वाली भारी छूट ने निवेशकों का ध्यान खींचा है। निवेश राशि के नजरिये से सोनभद्र, अयोध्या, ललितपुर, शाहजहांपुर, चित्रकूट और प्रयागराज भी कानपुर से आगे निकल गए हैं। निवेश वाले शीर्ष 20 जिलों की फेहरिस्त में रकम के हिसाब से सबसे ऊपर नोएडा और सबसे नीचे लखीमपुर खीरी है।

### निवेश वाले शीर्ष जिले

| जिला | हुए एमओयू | निवेश (लाख करोड़ में) | सृजित रोजगार |
|---|---|---|---|
| गौतमबुद्धनगर | 1755 | 10.50 | 30 लाख |
| लखनऊ | 1083 | 3.00 | 19 लाख |
| आगरा | 343 | 2.26 | 1.21 लाख |
| झांसी | 307 | 2.10 | 1.67 लाख |
| गोरखपुर | 480 | 1.80 | 2.10 लाख |
| सोनभद्र | 97 | 1.57 | 29 हजार |
| अयोध्या | 390 | 1.43 | 1.01 लाख |
| वाराणसी | 491 | 1.40 | 1.45 लाख |
| ललितपुर | 185 | 1.14 | 2.53 लाख |
| गाजियाबाद | 3623 | 1.13 | 6.6 लाख |
| शाहजहांपुर | 125 | .94 | 7102 हजार |
| बुलंदशहर | 466 | .73 | 1.13 लाख |
| चित्रकूट | 264 | .68 | 84 हजार |
| प्रयागराज | 408 | .62 | 75 हजार |
| कानपुर नगर | 801 | .59 | 42 हजार |
| जालौन | 81 | .51 | 18 हजार |
| अलीगढ़ | 424 | .51 | 1.66 लाख |
| जौनपुर | 173 | .47 | 27 हजार |
| लखीमपुर खीरी | 106 | .43 | 1.08 लाख |

### क्षेत्रवार निवेश में सबसे आगे पश्चिम यूपी, फिर पूर्वांचल

क्षेत्रवार निवेश के लिहाज से सबसे आगे पश्चिम यूपी है। कुल निवेश का 50 फीसदी से ज्यादा केवल इसी बेल्ट में हुआ है। दूसरे नंबर पर पूर्वांचल है, जो कुल निवेश का करीब 24 फीसदी अपनी तरफ लाने में सफल रहा। तीसरे नंबर पर सेंट्रल यूपी है, जहां कुल निवेश का करीब 13 फीसदी आया है। चौथे नंबर पर बुंदेलखंड है, जहां 12.66 फीसदी हिस्सा आया है।